हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस



लैब्स ऑन व्हील्स'' मोबाइल साइंस लैब प्रोजेक्ट 4 जिलों में आरम्भ किया जाएगा : मुख्य सचिव 3

वर्ष : 13 अंक : 10 देहरादून, बुधवार, 26 जून, 2024 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 8

# पीएम मोदी को सीएम धामी की बधाई

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से भेंट कर उन्हें तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर दी बधाई

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 26 जून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट कर उन्हें तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री का दायित्व संभालने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश समग्र विकास के नए आयाम प्राप्त कर सम्पूर्ण विश्व में सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करने में सफल होगा। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महासू मंदिर की प्रतिकृति भेंट की। प्रधानमंत्री मोदी से भेंट के दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य के सामाजिक एवं आर्थिक विकास हेतु जल विद्युत परियोजनायें राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि का मुख्य कारक है।





राज्य की विद्युत ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उत्तराखण्ड को खुले बाजार से प्रतिवर्ष लगभग 1000 करोड़ की ऊर्जा क्रय करनी पड़ती है, जिससे राज्य के वित्तीय संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है।मुख्यमंत्री ने अलकनंदा, भगीरथी तथा सहायक नदियों में प्रस्तावित 24 जल विद्युत परियोजनाओं के बारे में मा. सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर गठित विशेषज्ञ समिति-2 की अन्तिम रिपोर्ट पर जल शक्ति मंत्रालय तथा विद्युत मंत्रालय के साथ पुनर्समीक्षा करने के लिए प्रधानमंत्री से अनुरोध किया ।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से यह भी अनुरोध किया कि उत्तराखण्ड राज्य की विशेष भौगोलिक परिस्थितियों के दृष्टिगत राज्य में भारत सरकार तथा उनकी एजेन्सियों के द्वारा सड़क निर्माण परियोजना को सुचारू रूप से क्रियान्वित किये जाने हेतु क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु उपयुक्त भूमि के चयन में कठिनाई हो रही है, क्योंकि वर्तमान में प्रचलित वन संरक्षण एवं सवंर्धन नियम, तथा गाईडलाईन 2023 के अनुसार उपरोक्त प्रयोजन हेतु केवल गैर वन भूमि को आधार बनाया गया है, जिसमें समतुल्य गैर वन भूमि में क्षतिपूरक वृक्षारोपण किया जा सकता है। इसमें यह भी प्राविधान किया गया है कि राजस्व विभाग के अभिलेख में दर्ज वन भूमि जो वन विभाग के नियत्रंण में नहीं है, में दो गुना वन भूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण किया जा सकता है।

**■ प्रधानमंत्री से की राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा**



मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड 67 प्रतिशत वन आच्छादित क्षेत्र है। राज्य के विकास कार्यों के लिये भूमि की उपलब्धता कम है। उत्तराखण्ड राज्य, अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे एक सामरिक महत्व रखने वाला राज्य है। इसके महत्व के दृष्टिगत राज्य में स्थित वन भूमि में भारत सरकार के विभिन्न संस्थानों एन०एच०ए०आई०, बी०आर०ओ०, आई०टी०बी०पी०, रेलवे एवं

**■ मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के लिए 01 हजार करोड़ रूपये की सहायता प्रदान करने का अनुरोध**

सेना विभाग के द्वारा सड़क तथा अन्य संरचनाओं के निर्माण में वन संरक्षण एवं सवंर्धन अधिनियम, 2023 के तहत भूमि की अनउपलब्धता के कारण अनुमोदन प्राप्त किये जाने में विलम्ब हो रहा है। इस संबंध में मुख्यमंत्री ने पुनः स्पष्ट किया कि उत्तराखण्ड के विशिष्ठ भौगोलिक परिस्थितियों एवं सामरिक महत्व के दृष्टिगत भारत सरकार के उपक्रमों द्वारा कराये जा रहे गैर वानिकी परियोजना हेतु अधिसूचित नियम, 2017 की व्यवस्था को यथावत रखते हुये पूर्व की भांति राज्य में उपलब्ध 'अधिसूचित अवनत वन भूमि' (आरक्षित एवं संरक्षित वन) में क्षतिपूरक वृक्षारोपण कराए जाने तथा इन सभी प्रयोजन के लिये गतिमान वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्तावों पर सम्बन्धित मंत्रालय को अनुमोदन प्रदान करने हेतु निर्देशित करने का अनुरोध प्रधानमंत्री मोदी से मुख्यमंत्री ने किया है।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से राज्य में निवेश प्रोत्साहन के लिये Multi Model Logistics Park तथा औद्योगिक विकास हेतु BHEL हरिद्वार से राज्य को भूमि हस्तान्तरण का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को अवगत करवाया कि भारत सरकार एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से 1002 एकड़ भूमि पर एकीकृत विनिर्माण कलस्टर, खुरपिया का निर्माण 50-50 प्रतिशत की हिस्सेदारी के अन्तर्गत किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी भूमि का मूल्य रू 410 करोड़ है तथा सभी एनओसी प्राप्त है। मुख्यमंत्री ने Integrated Manufacturing Cluster, खुरपिया के अनुमोदन हेतु प्रधानमंत्री से आग्रह किया।

**उत्तराखंड में प्रस्तावित 03 टनल परियोजनाओं की स्वीकृति के लिए किया अनुरोध**

मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को यह भी अवगत कराया कि मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन के अन्तर्गत चिन्हित 48 पौराणिक मन्दिरों में से 16 मन्दिरों में अवस्थापना विकास के कार्य शुरू हो चुके हैं। इन मंदिर मार्गों को 02 लेन करने और आपसी कनेक्टिविटी के लिए प्रधानमंत्री जी से 01 हजार करोड़ रूपये की सहायता प्रदान करने का अनुरोध भी मुख्यमंत्री ने किया । मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को जानकारी दी कि मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के अन्तर्गत कुमाऊँ क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध पूर्णागिरी धाम को विकसित करने के लिये शारदा कॉरिडोर के विकास की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। मानसखण्ड माला मिशन के अन्तर्गत कुमाऊँ क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध कैंची धाम के विकास हेतु मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। पिथौरागढ़ स्थित सीमान्त गांव गुंजी (आदि कैलाश क्षेत्र) को अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किये जाने के लिए मास्टर प्लान तैयार कर लिया गया है। गुंजी को''शिव नगरी''थीम के आधार पर विकसित किये जाने हेतु छः घटक कला संस्कृति, कौशल, ज्ञान, ध्यान, विज्ञान तथा विश्राम, में विभाजित किया गया है। प्रथम चरण में स्वदेश दर्शन योजना-2.0 के अन्तर्गत गुंजी में साधना केन्द्र, ईको ट्रेल, संसाधन केन्द्र, हेरिटेज ग्राम विकसित करना और साहसिक गतिविधियां प्रस्तावित हैं। राज्य सरकार द्वारा गुंजी तथा आदि कैलाश एवं ओम पर्वत के लिये हेली सेवाएं उपलब्ध कराये जाने हेतु सर्वे कर लिया गया है।मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उत्तराखंड में रेल सेवाओं के विस्तार के लिये देहरादून-मसूरी रेल लाइन परियोजना की स्वीकृति के लिए रेल मंत्रालय से करवाने के लिए अनुरोध किया। उत्तराखंड में प्रस्तावित ज्योलिकांग -वेदांग 05 किमी, सीपू-तोला 22 किमी. और मिलम- लैपथल 30 किमी टनल परियोजनाओं की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति का अनुरोध भी प्रधानमंत्री से किया।

# नए आपराधिक कानूनो को लागू करने लिए उत्तराखंड की तैयारी पूरी : सीएस राधा रतूड़ी

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 26 जून : देशभर में 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले तीन नए आपराधिक कानूनो हेतु उत्तराखंड की तैयारी पूरी हो चुकी है. उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने आज गृह सचिव भारत सरकार की अध्यक्षता में सभी राज्यों के साथ हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में यह जानकारी दी है. राधा रतूड़ी ने कहा कि 1 जुलाई 2024 से लागू होने वाले 3 नए आपराधिक कानूनो भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय सुरक्षा अधिनियम 2023 हेतु उत्तराखंड राज्य ने पूरी तैयारी कर ली गई है।







उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने बताया कि नये आपराधिक कानूनों के पास होने के बाद हमारे द्वारा सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (CDTI) और ब्यूरो आफ पुलिस रिसर्च एंड डेवलपमेंट (BPR&D) से समन्वय स्थापित कर PTC/ ATC तथा अन्य प्रशिक्षण केन्द्रों से 50 अधिकारियों को ग़ाज़ियाबाद और जयपुर से मास्टर ट्रेनर का कोर्स कराया गया है । साथ ही उत्तराखंड पुलिस हस्तपुस्तिका तैयार की गई है, जिसके आधार पर सारे कोर्स का संचालन किया जा रहा है । इसमें वृहद कानूनों को सरल तरीके से पढ़ने की विधि तैयार की गई है । जिसकी एक एक प्रति समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को वितरित की जा रही है। प्रदेश की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यह भी जानकारी दी कि अल्प अवधि में ट्रेनिंग को जिला स्तर पर Decentralize किया गया । ऐसे कर्मचारी जिनका पुलिस विवेचना में प्रत्यक्ष हस्तक्षेप नहीं होता है, उन्हें ऑनलाइन मोड में प्रशिक्षण दिया गया है, जिसके लिए ऑनलाइन मॉड्यूल तैयार किया गया, जो एआई बेस्ड है। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि RTC's में संचालित नागरिक पुलिस/PAC के लगभग 1000 रिक्रूट आरक्षियों को 03 दिवसीय प्रशिक्षण दिया जा चुका है. इसके अतिरिक्त लगभग 500 मुख्य आरक्षियों को पदोन्नति हेतु भी नये आपराधिक कानूनों का प्रशिक्षण दिया गया है. समस्त आईपीएस अधिकारियों तथा जनपदों के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के असिस्टेंट प्रोफेसर द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया । नये आपराधिक कानूनों के प्रशिक्षण के लिए ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों मोड में ट्रेनिंग करवाई गई है. आईगोट कर्मयोगी पोर्टल पर समस्त पुलिसकर्मियों का रजिस्ट्रेशन किया गया है। बैठक में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, सचिव दिलीप जावलकर सहित गृह विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# WhatsApp पर आ रहा ये तगड़ा फीचर, इसके बारे में डिटेल्स में जानें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 जून : वॉट्सऐप ने अपने स्टेटस अपडेट के लिए बीते कुछ दिनों में कई नए फीचर को रोलआउट किए हैं। इनमें स्टेटस अपडेट में एक मिनट के ऑडियो और वीडियो को शेयर करने वाला तगड़ा फीचर भी शामिल है। अब कंपनी स्टेटस अपडेट के लुक में बड़ा बदलाव किया है। WABetaInfo की रिपोर्ट के अनुसार वॉट्सऐप स्टेटस अपडेट के लिए रीडिजाइंड प्रीव्यू फीचर रोलआउट कर रहा है। WABetaInfo ने इस नए फीचर का एक स्क्रीनशॉट भी शेयर किया है। इसमें आप वॉट्सऐप स्टेटस अपडेट के नए लुक को शेयर किए गए स्क्रीनशॉट में आपको स्क्रीन के राइट साइड में आपको एक थंबनेल दिखेगा। इस थंबनेल के जरिए यूजर स्टेटस अपडेट के नए प्रीव्यू फीचर को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

वॉट्सऐप चैनल्स फीचर को यूज करने वाले यूजर्स के लिए नए स्टेटस अपडेट ट्रे को खास तरह से डिजाइन किया गया है, जिससे यूजर्स को अपडेट टैब्स का हॉरिजॉन्टल लेआउट देखने को मिलेगा। किसी भी चैनल को फॉलो न करने वाले यूजर्स को स्टेटस अपडेट का वर्टिकल लुक दिखेगा। यूजर को और अच्छा एक्सपीरियंस देने के लिए कंपनी ने प्रीव्यू स्टेटस अपडेट में नए डिजाइन वाले थंबनेल को ऐड कर दिया है।

वॉट्सऐप के पिछले अपडेट में यूजर्स को स्टेटस अपडेट का वर्टिकल लुक दिखता था, लेकिन इसने प्रोफाइल फोटो को रिप्लेस कर दिया था। इससे कॉन्टैक्ट्स को एक बार में पहचानने में कठिनाई होती थी। वॉट्सऐप के इस नए अपडेट के आने से यूजर्स को प्रोफाइल फोटो के साथ एक थंबनेल भी दिखेगा, जो पहले से काफी बेहतर लगता है। इस नए फीचर को WA-BetaInfo ने गूगल प्ले स्टोर पर मौजूद वॉट्सऐप बीटा फॉर ऐंड्रॉयड ऐंड्रॉयड 2.24.14.2 में देखा है। बीटा यूजर्स के लिए रोलआउट किए जा रहे इस फीचर का स्टेबल वर्जन भी जल्द रोल आउट होगा।



# एयरपोर्ट पर ज्यादा हो गया सामान का वजन तो शख्स ने पैसा बचाने के लिए अपनाई ये ट्रिक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 जून : आज का दौर ऐसा है कि समय किसी के पास नहीं है और ट्रैवल करने के लिए तो बिल्कुल नहीं. यही कारण है कि हर आज के समय में लोगों की पहली पसंद प्लेन है. लेकिन इसके साथ एक समस्या ये है कि आप लिमिटेड लगेज ही ले जा सकते हैं.

यही कारण है कि लोगों को ट्रेनों में यात्रा करना इसी वजह से पसंद है, क्योंकि उसमें सामानों के वजन पर कोई खास रोक-टोक नहीं होती. लोग भारी सूटकेस लेकर आराम से चढ़ जाते हैं. अगर आप हवाई यात्रा के दौरान तय मानक वजन को क्रॉस करते हैं तो इसके लिए आपको काफी ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं और इससे बचने के लिए लोग कई तरह के जुगाड़ अपनाते हैं. ऐसा ही एक किस्सा इन दिनों लोगों के बीच चर्चा में है। अक्सर आपने एक चीज देखी होगी कि जब कभी लोग प्लेन में ट्रैवल करते हैं और सामान ज्यादा हो जाता है तो एयरलाइन कंपनी उनसे ज्यादा पैसे चार्ज करते हैं. लेकिन कुछ जुगाड़ू होते हैं और इसी के जरिए अपने पैसों को बचा लेते हैं. अब ऐसे ही एक शख्स का किस्सा तेजी से वायरल हो रहा है. जिसमें एक शख्स मानक से ज्यादा वजन लेकर चल तो दिया लेकिन जुगाड़ से उसने अपने पैसे भी बचा लिए और सामान भी साथ ले गया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ये घटना कार्डिफ के रहने वाले फिल लिस्ले अपने दोस्तों के साथ पार्टी करने स्पने के बेनिडॉर्म जा रहे थे और इसके लिए उन्होंने ईजीजेट एयरलाइन से अपनी बुकिंग की थी.जिसमें उनका सामान ज्यादा हो गया और इसके लिए उन्हें 5000 भरने पड़ते. अब मूड और पार्टी दोनो खराब ना हो जाए. इसके लिए उसने कपड़ों को बैग में रखने की जगह पहन लिया. आपको जानकर हैरानी होगी कि उन्होंने 13 शर्ट, 2 पैंट, 4 शॉर्ट्स और 4 अंडरवियर को पहन लिया। हालांकि जब उसके दोस्तों ने उसकी ये हालत देखी तो वो काफी ज्यादा हंसने और उससे पूछा कितने कपड़े पहन लिए है. दोस्तों के इस मजाक पर फिल ने किसी तरह का कोई रिएक्शन नहीं दिया. उसकी ये हालत और दिमाग को देखकर वहां मौजूद एयरलाइन स्टाफ भी काफी ज्यादा हैरान था।



# इन वजहों से महिलाओं में बढ़ जाता है सडन कार्डिएक अरेस्ट का खतरा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 जून : सडन कार्डियक अरेस्ट यानी हार्ट बीट का अचानक रुक जाना दुनियाभर के लोगों के लिए एक चिंता का विषय बन गया है। अब हर उम्र के लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं, चाहे उनका बैकग्राउंड या रिकॉर्डिंग कुछ भी हो। अनहेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल इसमें सबसे बड़ा रोल निभा रहा है। ग्लोबल रिसर्च पर गौर करें तो, सडन कार्डियक अरेस्ट के लगभग 40% मामले महिलाओं से जुड़े देखे जा सकते हैं और उनके लक्षण भी काफी अलग हैं। यही वजह है कि इस बीमारी से जुड़े खतरों और संकेतों को समझना महिलाओं के लिए और भी ज्यादा जरूरी है।

सडन कार्डियक अरेस्ट वह स्थिति है, जिसमें दिल धड़कना बंद कर देता और ब्लड प्रेशर कम होने लगता है। जिसकी वजह से दिल के लिए ब्लड को पम्प करना मुश्किल हो जाता है। इससे मरीज को सांस लेने में बहुत तकलीफ होती है। अक्सर ऐसी स्थिति में मरीज बेहोश हो जाता है और समय पर इलाज न मिलने की वजह से मौत भी हो जाती है महिलाओं के लिए यह समझना जरूरी है कि हाइपरटेंशन, मेनोपॉज, डायबिटीज जैसी समस्याएं सडन कार्डियक अरेस्ट के खतरे को और ज्यादा बढ़ा सकती हैं।

तो इन समस्याओं को हल्के में लेने की गलती न करें। अगर आपको इनमें से कोई भी बीमारी है तो आपको और ज्यादा सजग रखने के साथ केयर की जरूरत है।



मेनोपॉज (रजोनिवृत्ति) महिलाओं के जीवन की एक अवस्था है, जिसमें कई शारीरिक और मानसिक बदलाव होते हैं। यह महिलाओं के लिए एक मुश्किल वक्त हो सकता है।

कई ग्लोबल स्टडीज में पाया गया है कि मेनोपॉज की अवस्था और बढ़ी हुई कोरोनरी हार्ट डिजीज में गहरा कनेक्शन है, जिसमें कार्डियक अरेस्ट भी शामिल है। मेनोपॉज के दौरान और बाद में महिलाएं कई ऐसे लक्षणों का अनुभव करती हैं, जो सडन कार्डियक अरेस्ट के खतरे को बढ़ाने का काम करते हैं। इनमें से कुछ लक्षण हैं बहुत ज्यादा स्ट्रेस, नींद पूरी न होना और वजन बढ़ना।


पीसीओडी वाली कई महिलाओं में इंसुलिन रेजिस्टेंस होता है, जिससे शरीर में इंसुलिन जमा हो सकता है जिससे ब्लड ग्लूकोज के नॉर्मल लेवल को बनाए रखना मुश्किल हो जाता है। रिसर्च के अनुसार, पीसीओएस से पीड़ित 35 प्रतिशत महिलाओं को प्री-डायबिटीज होता है और 10 प्रतिशत को 40 साल की उम्र तक डायबिटीज हो जाता है। इसके अलावा, एंड्रोजेन के बढ़े हुए लेवल्स भी डायबिटीज का जोखिम बढ़ाते हैं। इस ज्यादा इंसुलिन की वजह से अक्सर वजन बढ़ जाता है और "गुड कोलेस्ट्रॉल'' कम हो सकता है। यह सभी मिलकर हार्ट प्रॉब्लम्स के खतरे को बढ़ाते हैं। लेकिन लाइफस्टाइल में जरूरी बदलावों से इसके खतरे को बहुत हद तक कम किया जा सकता है।

# अच्छी नींद का फॉर्मूला चैन से सोना है तो चिंताओं को लिखें

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 जून : दुनियाभर में नींद बड़ी समस्या बनती जा रही है, 8 में से एक इंसान अनिद्रा का शिकार है। रात में नींद न आने से दिन भी खराब हो रहा है और काम करने की क्षमता घट रही है 'द स्लीप प्रिस्क्रिप्शन' किताब के लेखक और कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी के मनोवैज्ञानिक कहते हैं, अच्छी नींद इंसान को दयालु और क्रिएटिव बनाती है। यही नहीं, यह अच्छा पेरेंट और बेहतर जीवनसाथी बनाने में भी मददगार है। पैंथर ने किताब में बिना दवा को अच्छी नींद के कई वैज्ञानिक तरीके बताए हैं। समाधान नहीं, समस्या लिखना काफी दिन का कोई समय या सोने से पहले किसी निश्चित समय पर ऐसा करने से दिमाग पर वे परेशानियां सोते समय हावी नहीं होंगी। समस्या लिखिए, समाधान लिखने की जरूरत नहीं है। बेडरूम का इंटीरियर बदल सकते हैं एक ही जगह पर रोज एक ही तरीके से सोने से भी कई बार नींद नहीं आती। सोने की जगह नहीं बदल सकते तो दिशा बदल दीजिए कमरे का इंटीरियर बदल सकते हैं।

पौष्टिक और हल्का खाना खाएं शाम को पौष्टिक और हल्का नाश्ता करें। टहलने जाएं। गाना सुनें। अपने बगीचे में पौधों के साथ समय बिताएं। किताबों की अलमारियां साफ करें। परिवार के सदस्यों या फिर अपने दोस्तों से बात करें। कमरे के तापमान का ख्याल रखें लैपटॉप-



कम्प्यूटर बेडरूम में न रखें। सोते वक्त कमरे को ठंडा और अंधेरा रखें। तेज रोशनी सोने नहीं देती। स्लीप मास्क का इस्तेमाल करना फायदेमंद हो सकता है। दिमाग को लैपटॉप की तरह मत ट्रीट कीजिए। सोने के लिए दिमाग का शांत होना जरूरी है। काम खत्म होने के बाद खुद को समय दीजिए। अपने पसंदीदा पुराने टीवी शो देखिए। अगर बिस्तर पर जाने के 20 मिनट तक नींद न आए तो उठ जाइए। घर में या छत पर टहलिए। किताबें पढ़िए। चाय-कॉफी से दूरी बनाएं। कम से कम सोने के 6 घंटे पहले तो कोशिश करें कि न ही पीएं।

# लैब्स ऑन व्हील्स'' मोबाइल साइंस लैब प्रोजेक्ट 4 जिलों में आरम्भ किया जाएगा : मुख्य सचिव

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





देहरादून 26 जून : सीएस राधा रतूड़ी ने प्रोजेक्ट ''लैब्स ऑन व्हील्स'' मोबाइल सांइस लैब प्रोजेक्ट की डैशबोर्ड के माध्यम से नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए हैं। उन्होंने महानिदेशक शिक्षा को इस सम्बन्ध में सभी विद्यालयों को निर्देश जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने राज्य के ग्रामीण एवं सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं की मजबूती तथा विज्ञान व शिक्षा को जोड़ने वाले प्रोजेक्ट ''लैब्स ऑन व्हील्स'' मोबाइल सांइस लैब की समीक्षा के दौरान प्रथम चरण में चम्पावत, अल्मोड़ा, देहरादून एवं पौड़ी में इसे संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इस प्रोजेक्ट के तहत विज्ञान शिक्षा हेतु बालिकाओं को विशेष रूप से प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। शासन द्वारा प्रोजेक्ट ''लैब्स ऑन व्हील्स'' मोबाइल सांइस लैब के लिए 5 करोड़ की धनराशि निर्गत की गई है। राज्य के कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों में विज्ञान, टेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग तथा गणित विषयों में क्रियात्मक ज्ञान की वृद्धि हेतु 13 जिलों में लैब्स ऑन व्हील्स प्रोजेक्ट के तहत मोबाइन साइंस लैब संचालित की जाएगी। आरम्भ में चम्पावत, अल्मोड़ा, देहरादून एवं पौड़ी चार जिलों में छः माह तक कार्यक्रम के सफल संचालन के बाद सभी जनपदों में इस प्रोजेक्ट को संचालित किया जाएगा।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए हैं कि प्रोजेक्ट लैब्स ऑन व्हील्स के तहत मोबाइल सांइस लैब के माध्यम से राज्य के ग्रामीण एवं सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों के विद्यालयों में विज्ञान प्रयोगशालाओं का सुदृढ़ किया जाए तथा विज्ञान एवं शिक्षा को पूरक बनाने के साथ-साथ विज्ञान को लोकप्रिय बनाने व विज्ञान संचार गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने विद्यार्थियों में व्यवहारिक प्रदर्शनों/मॉडलों गतिविधियों और प्रदर्शनों के माध्यम से जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक और गणित पाठ्यक्रम में अनुभावत्मक कौशल विकसित करने तथा व्यवहारिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के भी निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने लैब्स ऑन व्हील्स के तहत राज्य के दुर्गम एवं ग्रामीण पर्वतीय क्षेत्रों में छात्र-छात्राओं हेतु साइंस फिल्मों के प्रदर्शन, टेलिस्कॉप से लाइव स्काई ऑब्जर्वेशन, विज्ञान मेलों एवं वर्कशॉप का आयोजन, नवाचार मेलों का आयोजन एवं शिक्षकों हेतु प्रशिक्षण एवं कार्यशालाओं के आयोजन के निर्देश दिए हैं।

राज्य सरकार एवं यूकॉस्ट परिषद की महत्वकांक्षी परियोजना लैब्स ऑन व्हील्स मोबाइल साइंस लैब हेतु अगस्त्या फाउंडेशन बेंगलुरु का सहयोग लिया जा रहा है। बैठक में अपर सचिव रंजना राजगुरु, महानिदेशक बंशीधर तिवारी, यूकॉस्ट महानिदेशक प्रो0 दुर्गेश पंत व अगस्तया फाउंडेशन के संस्थापक उपस्थित रहे।

# देहरादून में रिश्वत लेते असिस्टेंट GST कमिश्नर अरेस्ट !

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून 26 जून : देहरादून से बड़ी खबर सामने आई है जहाँ उत्तराखंड के जीएसटी विभाग को शर्मसार करने वाले एक घूसकांड में बड़ी कार्यवाही की है। सीएम पुष्कर सिंह धामी की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की कारवाई के तहत बहुए इस सख्त एक्शन में कोई बाबू या क्लर्क नहीं बल्कि असिस्टेंट कमिश्नर GST शशिकांत दुबे को 75000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों विजिलेंस की टीम ने पकड़ा है।

मीडिया और विभागीय सूत्रों के मुताबिक अफसर दुबे तथाकथित तौर पर राजपुर रोड स्थित एक होटल व्यवसाई को लंबे समय से परेशान कर रहे थे । उसका चालान करने से लेकर कई धमकी दी जा रही थी। मिली शिकायत पर विजिलेंस ने जांच करते हुए मामले को सही पाया इसके बाद आज दुबे को उनके अपने ऑफिस से रिश्वत लेते हुए अरेस्ट किया गया है।विजिलेंस सूत्रों के मुताबिक इनके ऑफिस रिकॉर्ड से लेकर घर की तलाशी भी लिए जाने की तैयारी चल रही है। देखना होगा कि इस मामले के बाद आगे किस तरह की और भी कार्यवाहियां सामने नज़र आएँगी।

# उत्तरकाशी : दोस्त के साथ बाइक पर गंगोत्री धाम जा रहे थे सेना के मेजर, सड़क हादसे में मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





उत्तरकाशी 26 जून : गंगोत्री धाम के दर्शन करने जा रहे दो दोस्तों की बाइक गंगनानी के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर 150 मीटर नीचे भागीरथी नदी में जा गिरी। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और इनमें से एक भारतीय सेना में मेजर के पद पर थे।मिली जानकारी के अनुसार बीती दोपहर करीब 12.55 पर गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर गंगनानी के पास दो तीर्थयात्रियों की बाइक अनियंत्रित होकर 150 मीटर नीचे भागीरथी नदी में गिर गई।

स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई, दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और खाई में गिरे दोनों बाइक सवारों का रेस्क्यू कर सड़क पर लाया गया। इसके बाद दोनों को अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान आशीष मिश्रा उम्र 47 वर्ष पुत्र अंबिका प्रसाद मिश्रा निवासी मध्यप्रदेश और कचाडिया मीट उम्र 26 वर्ष पुत्र अश्विन भाई निवासी गुजरात के रूप में की गई है। आशीष मिश्रा के पास से प्राप्त आईडी कार्ड के अनुसार वह भारतीय सेना में मेजर थे। हालांकि पुलिस अभी इसकी पुष्टि कर रही है। बताया जा रहा है कि दोनों लोग उत्तराखंड घूमने आए हुए थे और सोमवार को बाइक से गंगोत्री धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। हादसा इतना खतरनाक था कि हेलमेट चकनाचूर हो गया, पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है हादसे के कारणों का पता किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम धामी ने टिहरी में हुई वाहन दुर्घटना दुःख व्यक्त कर दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को टिहरी में हुई वाहन दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है तथा दिवंगत आत्माओं की शांति की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री द्वारा इस दुःखद घटना का संज्ञान लेते हुए स्वयं वाहन चला रहे सहायक खण्ड विकास अधिकारी जाखणीधार, टिहरी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तराखण्ड को दिये गये। मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तराखण्ड द्वारा अपने निजी वाहन से दुर्घटना घटित होने के फलस्वरूप देवी प्रसाद चमोली सहायक खण्ड विकास अधिकारी विकासखण्ड जाखणीधार को उत्तराखण्ड सरकारी सेवक अनुशासन एवं अपील नियमावली में उल्लिखित प्राविधान नैतिक अधमता एवं आपराधिक आरोप के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया गया है।

### आपातकाल की घटना पाठ्यक्रम में शामिल हो

देहरादून। जन जागरण अभियान समिति ने आपातकाल की घटना को उत्तराखंड बोर्ड के पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की है। इसे लेकर समिति के अध्यक्ष स्वप्निल सिन्हा ने मंगलवार को राज्यपाल, मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को पत्र प्रेषित किया। उन्होंने कहा कि हम सब आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। 25 जून 1975 को लागू किए गए आपातकाल के दौर को याद कर रहे हैं। आने वाली पीढ़ी भी देश में आपातकाल लागू होने की घटना को जान सके, इसलिए इसे पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना जरूरी है।

### जीएसटी एसी 75 हजार की रिश्वत लेते पकड़े गए

देहरादून। विजिलेंस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर शशिकान्त दूबे को 75 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। उन्हें देहरादून में लक्ष्मी रोड स्थित राज्य कर कार्यालय से गिरफ्तार किया गया। हैरानी की बात है कि सहायक आयुक्त जीएसटी ने खुद ही फोन कर रेस्टोरेंट कारोबारी को अपने कार्यालय में बुलाया था। उनके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। एसएसपी विजिलेंस मुख्यालय धीरेंद्र गुंज्याल ने बताया कि शिकायतकर्ता ने विजिलेंस से शिकायत की थी कि उनके रेस्टोरेंट के बिलों के जीएसटी में गड़बड़ी बताकर असिस्टेंट कमिश्नर शशिकांत दुबे परेशान कर रहे हैं। जीएसटी गड़बड़ी पर बड़ी पैनल्टी ना लगाने के एवज में एक लाख रुपए की रिश्वत मांगी गई। विजिलेंस ने आरोपी अफसर को ट्रैप करने के लिए शिकायतकर्ता की ओर से पैसों के लेन देन की बात करने को कहा गया। जिस पर शिकायतकर्ता और आरोपी शशिकांत दुबे के बीच 75 हजार रुपए में मामला तय हुआ। मंगलवार को पीड़ित रुपये लेकर आरोपी के लक्ष्मी रोड स्थित कार्यालय पहुंचा। उसके पीछे विजिलेंस की ट्रैप टीम भी थी। जैसे ही आरोपी अफसर ने नगद धनराशि रिश्वत में ली, विजलेंस की टीम ने घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

### ब्राह्मण सभा ने बिंदाल पुल चौक पर पेयजल टंकी स्थापित की

देहरादून। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने मंगलवार को चकराता रोड पर बिंदाल पुल चौक पर पेयजल टंकी स्थापित की। अध्यक्ष मनमोहन शर्मा बताया कि ब्राह्मण महासभा की ओर से शहर के अलग-अलग इलाकों में राहगीरों को पानी उपलब्ध कराने के लिए इस तरह की व्यवस्था की गई है। इस मौके पर लालचंद शर्मा, राजीव जैन, शशि कुमार शर्मा, कैलाश डोभाल, अवनीश कांत शर्मा, नीरज कौशिक, कोमल बोरा, राजू प्रजापति, संजय कनौजिया, पुनीत कुमार, बबलू चौधरी, कल्याण चक्रवर्ती, महेश कोठारी, पीयूष गौड़, अवनीशकांत शर्मा, शशि शर्मा, मनोज चौधरी, सरबजीत सिंह अन्य मौजूद रहे।

# उत्तराखंड : अब इस्तेमाल किए उपकरणों से तय होगा बिजली का बिल, कनेक्शन लोड पर बना फॉर्मूला

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 26 जून : ऊर्जा निगम अब बिजली के कनेक्शन में बदलाव करने जा रहा है जिससे अब घर लगे उपकरणों के हिसाब से बिजली कनेक्शन का लोड तय होगा और उसी के अनुरूप बिल आएगा, इसके लिए कनेक्शन लोड पर फॉर्मूला भी तैयार कर लिया गया है।

प्रदेश में इस बार गर्मियों में अचानक बढ़े बिजली के लोड ने ऊर्जा निगम के प्रबंधन को मुश्किल में डाल दिया। निर्धारित सीमा से अधिक बिजली लोड होने पर सप्लाई में गड़बड़ी हो गई, जिसके बाद निगम ने इसपर जांच की तो पता चला कि लोगों ने घरों में अधिक बिजली के उपकरण लगा रखे थे जबकि कनेक्शन कम लोड का था। इस समस्या को देखते हुए निगम ने प्रति किलोवाट उपकरणों की संख्या निर्धारित करते हुए लोड का नया फार्मेट जारी कर दिया है।

अब उत्तराखंड में बिजली कनेक्शन का लोड घर के उपकरणों के आधार पर निर्धारित होगा और बिल भी उसी के अनुसार आएगा। ऊर्जा निगम ने प्रति किलोवाट के लिए उपकरणों की संख्या निर्धारित कर दी है। ऊर्जा निगम के निदेशक ऑपरेशन, मदन राम आर्य ने बताया कि मीटर रीडर लोगों के घर-घर जाकर उनके कनेक्शन और वास्तविक लोड की जानकारी देंगे।

1. एक से दो किलोवाट - लाइट, पंखे, फ्रिज, टीवी2. तीन से चार किलोवाट - लाइट, पंखे, फ्रिज, टीवी, एक वॉशिंग मशीन, एक गीजर, एक एसी, मिक्सर3. पांच से आठ किलोवाट - लाइट, पंखे, फ्रिज, मिक्सर, टीवी, एक वॉशिंग मशीन, दो गीजर, दो एसी, एक इंडक्शन कुक टॉप, माइक्रोवेव4. आठ से दस किलोवाट - लाइट, पंखे, फ्रिज, मिक्सर, टीवी, एक वॉशिंग मशीन, तीन गीजर, तीन एसी, एक इंडक्शन कुक टॉप, माइक्रोवेवउपभोक्ता लोड बढ़ाने का आवेदन ऑनलाइन आधिकारिक वेबसाइट upcl.org या फिर प्ले स्टोर से यूपीसीएल की Consumer Self Service एप डाउनलोड करके भी कर सकते हैं।





# ये है दुनिया की सबसे पहली जेल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



ब्यूरो रिपोर्ट 26 जून ईस्टर्न स्टेट पेनिटेंटरी को दुनिया की सबसे पहली जेल कहा जाता है. अब इसे बनाया गया तब यह एक आदर्श जेल थी. यह बिल्कुल वैसी ही थी जैसी खूंखार कैदियों के लिए जेल होनी चाहिए. यह जेल कई जेलों के निर्माण के लिए एक मॉडल थी. इसकी विरासत खूंखार कैदियों के लिए 'पृथ्वी पर नर्क' कही जाने वाली जगह के रूप में है. कभी इस जेल में दुनिया के सबसे खूंखार कैदी कैद थे लेकिन अब कहा जाता है कि उसमें कई भूतों का डेरा है.एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राज्य पेंसिल्वेनिया के फिलाडेल्फिया शहर में यह जेल 1829 में खोली गई और 1971 तक चालू रही. यह जेल ने वहां कैद कुख्यात कैदियों के साथ-साथ उन बद से बदतर हालातों के लिए फेमस हुई, जिनसे उन्हें गुजरना पड़ा था. शुरुआत में इस जेल को 250 कैदियों के लिए ही बनाया गया था. लेकिन पांच दशकों में यह संख्या बढ़कर 1000 से अधिक हो गई. कैदियों के लिए यह जेल नरक से कम नहीं बताई जाती है. एक छोटी सी कोठरी में दो कैदियों को बंद किया जाता था. ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) जैसी संक्रामक बीमारियों के बढ़ने के कारण 1900 के दशक की शुरुआत में इस जेल में बड़े पैमाने पर कैदी की मौतें हुईं. सर्दियों के दौरान तापमान नेगेटिव हो जाता था और खून जमाने वाली ठंड पड़ती थी. इस कारण जेल अधिकारियों को और अधिक कोठरियां बनाने के लिए मजबूर होना, जिनमें से कई को अंडरग्राउंड बनाया गया। हालांकि, 1994 में इस जेल को इतिहास पर्यटन के लिए जनता के लिए फिर से खोल दिया गया. अब इस जेल को अमेरिका के सबसे भूतिया स्थानों में से एक करार दिया गया है. एक टीवी शो ने जेल में पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेशन की है और अजीब घटनाओं के साथ-साथ डरावनी आवाजें और छायादार आकृतियां पाई हैं, जिन्हें वे समझाने में असमर्थ थे।

# रुड़की : अब घर बैठे ही बस की सीट का चलेगा पता, IIT रुड़की के वैज्ञानिकों ने तैयार की यह खास तकनीक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क






रुड़की 26 जून : आईआईटी रुड़की के ट्रांसपोर्ट इंजीनियरिंग विभाग के शोधकर्ता प्रो. अमित अग्रवाल ने सार्वजनिक परिवहन प्रणाली में भीड़ की जानकारी प्रदान करने की एक नई तकनीक विकसित की है, जिसे ट्रांजिट आई नाम दिया गया है।

यदि आप बस से सफर करके कहीं जा रहे हों और आपको घर से निकलने से पहले ही यह पता चल जाए कि बस में सीट उपलब्ध है या नहीं तो यह आपके सफर को कितना आरामदायक बना देगा। जी हाँ आईआईटी रुड़की ने यह कमाल का आविष्कार कर दिखाया है। अब घर से निकलने से पहले ट्रांजिट आई तकनीक के जरिए मोबाइल में तुरंत ये जानकारी मिल जाएगी कि जिस बस से सफर करने जा रहे हैं, उसमें सीट खाली है या नहीं?

आईआईटी रुड़की के शोधकर्ता प्रोफेसर अमित अग्रवाल ने बताया कि इंदौर और भोपाल में 11 बसों में इसका ट्रायल हो चुका है और इसमें प्रत्येक बस के प्रवेश और निकासी गेट पर एक-एक डिवाइस लगाए गए, ट्रायल सफल होने के बाद अब संस्थान इस सिस्टम को इंदौर की सिटी बसों में लगाने की तैयारी कर रहा है। आईआईटी इंदौर के टेक्नोलॉजी इनोवेशन हब ने इस सिस्टम को विकसित करने के लिए आईआईटी रुड़की को फंडिंग प्रदान की। इसके बाद आईआईटी रुड़की के शोधकर्ताओं की टीम ने भोपाल, इंदौर और भुवनेश्वर में सैकड़ों बसों के रूट, टाइमिंग, स्टॉप और बसों में चढ़ने वाले यात्रियों की संख्या का सर्वेक्षण किया। इसके परिणामस्वरूप एक यात्री सूचना प्रणाली विकसित की गई है, जो रियल टाइम पर बसों में भीड़ की स्थिति की जानकारी आपके मोबाइल पर प्रदान करेगी।

डीप लर्निंग का उपयोग करके ट्रांजिट आई तकनीक से बस में भीड़ की जानकारी पता चलता है। इस प्रणाली मे कैमरे से लिए गए वीडियो को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित एल्गोरिदम द्वारा विश्लेषित कर यात्रियों की एंट्री और एग्जिट का आकलन वास्तविक समय में किया जाता है। ट्रांजिट आई तकनीक से यह भी पता लगाया जा सकेगा कि एक रूट पर कितने यात्री बस में चढ़े हैं और कितने उतरे हैं। इसके अलावा यदि कंडक्टर ने टिकट कम काटे हैं तो उसकी जानकारी भी प्राप्त होगी। रास्ते में चेकिंग टीम के लिए यात्रियों और टिकटों की संख्या में अंतर के आधार पर राजस्व की चोरी का पता लगाना भी आसान हो जाएगा और ट्रैकिंग के लिए इसमें भारतीय क्षेत्रीय नेवीगेशन सेटेलाइट सिस्टम नाविक का उपयोग किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### ईपीएफओ का निधि आपके निकट गुरुवार को

देहरादून। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की ओर से कल 27 जून को सात स्थानों पर निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त विश्वजीत सागर ने बताया कि इसमें कर्मचारियों की भविष्य निधि से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। शिविर जिनस पावर इंफ्रास्ट्रक्चर सिडकुल, हरिद्वार, डिक्सन टैक्नोलॉजी सेलाकुई, देहरादून, माउंट वैली स्प्रिंग इंडिया गुल्लर दोगी, टिहरी गढ़वाल, एल्डेको सिगड्डी कोटद्वार, नगर पालिका बेडु बगड़ रुद्रप्रयाग, नगर पालिका परिषद गौचर चमोली, मसीह दिलासा स्कूल तिलोथ उत्तरकाशी में आयोजित किया जाएगा। इसमें ईपीएफओ के साथ कर्मचारी राज्य बीमा निगम की भी सहभागिता रहेगी।

### पानी की नई लाइन डालने की मांग

देहरादून। इंद्राकॉलोनी की निवर्तमान पार्षद सविता सोनकर ने जल संस्थान के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखा है। पत्र में कहा कि इंदिरा कॉलोनी वार्ड के नेपाली टिब्बा और काली मंदिर डंगवाल मार्ग पर पानी की लाइन कई साल पहले डल चुकी थी, अब इस लाइन से पानी की पर्याप्त आपूर्ति नहीं हो पा रही है, जिस कारण लोगों को पानी के संकट से जूझना पड़ रहा है। उन्होंने इस क्षेत्र में पानी की नई लाइन डलवाने की मांग की है।

### काठबंगला में अवैध मकान हटाने का विरोध में जाम की सड़क

देहरादून। काठबंगला में अवैध मकान ध्वस्त करने से खफा लोगों ने कैनाल रोड पर जाम लगाया। आक्रोशित लोगों ने मंगलवार सुबह सदमे में मरी महिला के शव को भी सड़क पर रखना चाहा। पुलिस ने शव को अंतिम संस्कार के लिए भिजवाया। करीब आधा घंटे बाद जरबन जाम खुलवाया। इस बीच पुलिस और आक्रोशित लोगों के बीच जमकर नोकझोंक हुई। मसूरी विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) की ओर से एनजीटी के आदेश पर काठबंगला में बने अवैध मकानों को ध्वस्त किया जा रहा है। सोमवार को 26 मकान ध्वस्त किए गए। मंगलवार को भी ध्वस्तीकरण की कार्रवाई होनी थी, लेकिन इससे पहले लोग सड़क उतर आए। आक्रोशित लोग सुबह दस बजे कैनाल रोड पर जुटे और सड़क जाम कर दी। इस बीच सोमवार को मकान ध्वस्त होने के सदमे में जिस महिला की मौत हुई थी उसके परिजन शव लेकर सड़क पहुंचे। लोग शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने की कोशिश कर रहे थे कि पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने शव को अंतिम संस्कार के लिए भिजवाया और जाम लगाने वाले लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोग नहीं माने। पुलिस ने आधा घंटे की मशक्कत के बाद जबरन जाम खुलवाया, इस दौरान पुलिस और लोगों के बीच खूब नोकझोंक हुई। सीओ ट्रैफिक अनुज ने बताया कि अतिक्रमण के विरोध हटाने के विरोध में लोगों ने सड़क जाम की है। टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जाम खुलवाकर ट्रैफिक सामान्य करवाया गया।

### परिवहन कारोबारियों ने आरटीओ के खिलाफ किया प्रदर्शन

देहरादून। महानगर सिटी बस सोसाइटी ने आरटीओ (प्रशासन) के खिलाफ मंगलवार को लैंसडाउन चौक पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। परिवहन कारोबारियों ने आरटीओ को पद से हटाने की मांग की है। सोसाइटी के अध्यक्ष विजय वर्धन डंडरियाल ने आरोप लगाया कि कई बार आरटीओ प्रशासन देहरादून के खिलाफ पूर्व में कई बार जांच के आदेश हुए हैं। बावजूद इसके आरटीओ अपने पद पर बने हुए हैं और सभी जांचें भी लंबित पड़ी हैं। उन्होंने बताया कि हाल में ही आरटीओ पर फर्जी शपथपत्र मामले में मुकदमा हुआ है। वह लगातार अपने पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। परिवहन कारोबारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजकर आरटीओ प्रशासन को पद से हटाने की मांग की है। चेताया कि यदि ऐसा नहीं किया गया तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में रेलवे स्टेशन टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष राजेंद्र भंडारी, आईएसबीटी टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष दीपक मैसी, ऑटो रिक्शा यूनियन के मनिंदर बिष्ट, विक्रम जन कल्याण समिति से देबू रावत, जस्सल कुमार, बाबू सिंह, ऑटो रिक्शा विक्रम महासंघ हरिद्वार से सुरेश कुमार राणा, राजेश भट्ट, भीमगौड़ा ऑटो-रिक्शा यूनियन के राजेश यादव, जितेंद्र सिंह सोलंकी, उपेंद्र रावत, अब्बास, आशीष जोशी, सचिन जोशी आदि मौजूद रहे।

### हिमालय से गायब हो जाएगी बर्फ, बूंद-बूंद को तरसेंगे शहर : किशोर उपाध्याय

देहरादून। टिहरी से भाजपा विधायक किशोर उपाध्याय ने एक प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण हिमालय पर होने वाली बर्फबारी में कमी आ रही है। नतीजतन ग्लेशियर पिघल रहे हैं। इसका असर पहले से ही जल संकट का सामना कर रहे दिल्ली जैसे महानगरों पर पड़ेगा। किशोर उपाध्याय ने इन आशंकाओं के पक्ष में तमाम अध्ययनों का हवाला दिया, जिनमें अनुमान जताया गया है कि अगले दो से तीन दशकों में हिमालय से बर्फ गायब हो सकती है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण ग्लेशियर के तेजी से पिघलने के चलते भारतीय मानसून की समयावधि प्रभावित हो रही है। उपाध्याय ने पर्वत श्रृंखला की गंभीर स्थिति के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए एक खास पहल की है।

# अगर आप भी गाड़ी चलाते वक्त करते है ये गलतियां, तो हो जाए सावधान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 जून : इन दिनों आम तौर पर ज्यादातर लोगों के पास अपनी गाड़ी होती है और जिनके पास नहीं होती है उनके लिए कई सारे ऐप मौजूद हैं, जहां से वो कार रेंट पर ले सकते हैं. लेकिन गाड़ी चलाना अमूमन हर व्यक्ति को आता है. इसलिए लोग ड्राइविंग बहुत पसंद करते हैं. ड्राइविंग करते वक्त कुछ चीजों का ध्यान में रखना बहुत जरूरी है. जैसे कि स्पीड लिमिट, हाईवे पर गाड़ी चलाते समय एक साइड से गाड़ी चलाना और भी बहुत कुछ ड्राइविंग सीखने से पहले इस तरह की जरूरी जानकारी यदि आप जान लेंगे तो ड्राइविंग करना आपके लिए आसान हो जाएगा।

कुछ ऐसी ही आसान और जरूरी जानकारी हम आपको बताने वाले हैं. यातायात के नियमों का पालन करना बहुत जरूरी होता है. ट्रैफिक के नियमों की पूरी जानकारी होनी चाहिए. ज्यादातर दुर्घटनाओं में ड्राइवर की गलती मानी जाती है. नियमों के मुताबिक यदि आप सही तरीके से ड्राइविंग नहीं करते तो आप ख़ुद के साथ-साथ दूसरों को भी मुसीबत में डाल सकते हैं. ज्यादातर देखा जाता है युवा वर्ग के लोग तेज रफ्तार से गाड़ी चलाते हैं.

कार की गति जितनी ज्यादा होगी उतनी ही दुर्घटना की संभावना ज्यादा रहेगी. इसलिए गाड़ी हमेशा धीमी गति में चलानी चाहिए. कार चलाते समय सीट बेल्ट पहनना चाहिए और दूसरों को भी सीट बेल्ट पहनने के लिए बोले. कार चलाते समय हमेशा दूसरे वाहन से उचित दूरी बनाए रखें. ज्यादातर दुर्घटना इसी कारण होती है. कार चलाते समय नजरें सड़क पर होनी चाहिए. फोन पर बात नहीं करना चाहिए. कार में बैठे लोगों से ज्यादा बातचीत नहीं करनी चाहिए. ध्यान गाड़ी चलाने पर होना चाहिए. कार चलाते समय मिरर का इस्तेमाल ठीक ढंग से करना जरूरी है. दाएं-बाएं और पीछे से आने वाली गाड़ियों को मिरर से सही से दिखना चाहिए.



# देर रात तक जागने के ये बड़े नुकसान

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 जून : रात को समय पर सोना और सुबह सूरज निकलने के बाद जागना अच्छी सेहत के लिए जरूरी है। प्रकृति ने रात सोने के लिए और दिन काम के लिए बनाया है, लेकिन कुछ लोग देर रात यानी सुबह होने तक जागते हैं और आधे दिन तक सोते हैं। अगर हम कुदरत को दरकिनार करके अपना रास्ता अलग बनाएंगे तो उसका अंजाम हमें भुगतना ही होगा। अच्छी सेहत के लिए रात की नींद बेहद जरूरी है। रात को जल्दी सोना और सुबह 6 बजे तक उठना अच्छी सेहत के लिए जरूरी है।



देर रात तक जागने से सुबह हम देर तक सोते रहते हैं, जिससे हमारा भोजन ठीक से पचता नहीं और हमें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अगर आपको अक्सर देर रात तक काम करने या जागने की आदत है तो इस आदत को जल्द से जल्द बदल दीजिए। ये आदत आपको कई तरह की परेशानियां दे सकती है।

देर रात तक जागने से सेहत को नुकसानः देर रात तक जागने वाले लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। हाई ब्लड प्रेशर बढ़ने से बॉडी में अन्य बीमारियां जैसे ब्रेन स्ट्रोक और हार्ट डिजीज के खतरे बढ़ने लगते हैं। देर रात तक जागने से भूख नियंत्रित करने वाले हार्मोन का स्तर भी प्रभावित होता है देर रात तक जागने से आप मानसिक रोगी बन सकते हैं। सुबह तक जागने से दिमाग के न्यूरोट्रांसमीटर पर बुरा असर पड़ता है, जिससे डिप्रेशन, एंग्जाइटी और सनक जैसी मानसिक बीमारियां हो सकती हैं। नींद पूरी नहीं होने की वजह से आपको दिन में गाड़ी चलाते समय नींद की झपकी आ सकती है जिससे दुर्घटना होने का खतरा बढ़ जाता है।

सुबह देर से उठने से बॉडी में आलस भरा रहता है जिससे काम करने में मन नहीं लगता। दिन तक सोने से सिर भारी रहता है और आंखों में दर्द और आंखों की कई समस्याएं लगातार बनी रहती है। रात भर जागने से दिमाग पर भी असर पड़ता है। देर रात तक जागने से भ्रम की समस्या पैदा हो जाती है। नींद पूरी नहीं होने के कारण ऐसी चीजें दिखती हैं जिनका असल में कोई अस्तित्व ही नहीं होता।

## भाजाईयों ने 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया

नई टिहरी। भाजपा ने नई टिहरी में आपातकाल के 50वें वर्ष के 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया। इस मौके आपातकाल में लगाई गई सेंसरशिप को दर्शाने को लगाए होर्डिंग्स का राजपुर विधायक खजान दास ने निरीक्षण किया। खजान दास ने कहा कि आपातकाल अत्याचार का काल था। जिसमें कांग्रेस ने मनमानी कर जनता के ऊपर अत्याचार करने का काम किया। मंगलवार को आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाने को आयोजित कार्यक्रम में भाजपा नेताओं ने शिकरत की। भाजपा नेताओं ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मंत्रिपरिषद को विश्वास में लिए बगैर राष्ट्रपति को आपातकाल लगाने के लिए मजबूर किया। जिससे देश की जनता को 21 महीनों तक तमाम परेशानी का सामना करना पड़ा।

## घनसाली पहुंचा अस्कोट-आराकोट पदयात्रा अभियान दल

नई टिहरी। पर्यावरण एवं सतत विकास को लेकर आयोजित अस्कोट-आराकोट पदयात्रा अभियान दल के मंगलवार को नवजीवन मंडल आश्रम सिलयारा पहुंचने पर स्वागत किया गया। 35 सदस्यीय दल का नेतृत्व पद्मश्री शेखर पाठक कर रहे हैं। पद्मश्री शेखर पाठक ने बताया कि 25 मई से कुमांऊ मंडल के अस्कोट से शुरू हुई यात्रा का उद्देश्य उत्तराखंड के पर्यावरण एवं सतत विकास के लिए पलायन पर रोक लगाने, अपने गांवों, लोगों, नदियों, तालों व शिखरों के साथ ही जल, जंगल जमीन से जुड़ने का लोगों से आह्वान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान दल बालगंगा घाटी के बूढ़ाकेदार पहुंचेगा। जहां से मेड-मारवाड़ी-कामद होते हुए 27 जून को उत्तरकाशी पहुंचेगा। तथा 8 जुलाई को आराकोट में यात्रा का समापन होगा।

## बदरीनाथ हाईवे पर बस व आईटीबीपी वाहन की टक्कर इस्पेक्टर गंभीर

नई टिहरी। मंगलवार दोपहर करीब साढ़े बारह बजे देवप्रयाग श्रीनगर मार्ग पर पाली चुंगी के निकट बस और आईटीबीपी के वाहनों में भिड़ंत हो गई। थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि बस ऋषिकेश से श्रीनगर जबकि आईटीबीपी वाहन गौचर से ऋषिकेश जा रहा था। दुर्घटना में आईटीबीपी के इंस्पेक्टर मासूम अली के सिर, कोहनी में गहरी चोट आने पर उन्हें सीएचसी बागी ले जाया गया। जहां उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार दिया गया। वहीं, वाहन चालक अनिल कुमार को भी काफी चोट आने से उसे भी उपचार दिया गया। वाहन के पीछे बैठे जवान मुकेश कुमार को हल्की चोट आई। दुर्घटना की सूचना पर आईटीबीपी की मेडिकल टीम और अन्य अधिकारी देवप्रयाग पहुंचे।

## संक्षिप्त खबरें

### आपातकाल के काला दिवस पर की गोष्ठी आयोजित

रुद्रप्रयाग। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आपातकाल लगाए जाने को लेकर काला दिवस मनाया गया। मंगलवार को हुई गोष्ठी में मुख्य वक्ता महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल ने कहा कि 25 जून 1975 को आज ही के दिन कांग्रेस सरकार ने देश पर आपातकाल थोपकर विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र की हत्या कर दी थी। जिला अध्यक्ष महावीर सिंह पंवार ने कहा कि कांग्रेस ने बुनियादी स्वतंत्रता को नष्ट कर भारत के संविधान को कुचल दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष अमरदेई शाह ने कहा कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया वह आज भी गलत दिशा देने का प्रयास कर रहे हैं।

### बारिश न होने से रोपाई प्रभावित

रुद्रप्रयाग। नगर के पुनाड़ स्थित खेतों में किसानों ने रोपाई के लिए पहले ही पौध रोपी थी, लेकिन पौध की सिंचाई के लिए भी लोगों के पास पानी नहीं है। दूर-दूर से बाल्टियों में पानी को लाकर किसानों ने धान की पौध की सिंचाई की, अब रोपाई के लिए पर्याप्त पानी की जरूरत चाहिए। बीते 10 दिनों से किसान रोपाई के लिए बारिश का इंतजार कर रहे हैं। पुनाड़ के खेतों में कई जगहों पर इस समय रोपाई का काम शुरू होना था। बारिश के इंतजार में रोपाई नहीं हो पा रही है। स्थानीय निवासी रामचन्द्र नौटियाल, महेश डियून्डी, शैलेंद्र गोस्वामी, प्रवीन सेमवाल, रामलाल चौधरी, विक्रम कपरवान आदि का कहना है कि बारिश न होने से मुश्किलें बढ़ गई है।

### जिला पर्यटन विकास समिति की हुई बैठक

रुद्रप्रयाग। जनपद में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक हुई। चारधाम यात्रा मार्ग पर उपलब्ध सुविधाओं, पर्यटन स्थलों के रखरखाव के साथ ही पर्यटन विभाग की ओर से केदारनाथ यात्रा मार्ग में पार्किंग, सफाई व्यवस्था आदि पर चर्चा की गई। डीटीडीसी के माध्यम से संचालित की जा रही परिसंपत्तियों के माध्यम से अब तक प्राप्त आय और व्यय को लेकर बैठक में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी जीएस खाती, प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, विकासखंड प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी चंद्रप्रकाश सती, ईई ग्रामीण निर्माण विभाग मीनल गुलाटी आदि मौजूद रहे।

### आर्थिक कमजोर परिवार की बालिकाओं को मिलेगा लाभ

रुद्रप्रयाग। जनपद में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बालिकाओं को इग्नू स्टडी सेंटर अगस्त्यमुनि के माध्यम से स्नातक और डिप्लोमा कोर्स करवाया जाएगा। इस प्रवेश प्रक्रिया से जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को नंदा गौरा योजना में 12 वीं कक्षा के बाद उच्च शिक्षा में अध्यनरत होने पर 51 हजार रुपये के लाभ प्राप्ति में भी सहायता मिलेगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना में आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बालिकाओं को इग्नू स्टडी सेंटर अगस्त्यमुनि के माध्यम से स्नातक एवं डिप्लोमा कोर्स करवाया जाएगा। जाना प्रस्तावित है। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारियों को इच्छुक बालिकाओं से समन्वय बनाकर आवश्यक औपचारिकता पूरी कराकर जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय में 10 जुलाई तक उपलब्ध कराने को कहा है।

### गुलदार संभावित गांवों में दी जा रही लाईटें

नई टिहरी। डीएफओ पुनीत तोमर ने बताया कि जिन गांवों में गुलदार का खतरा है वहां पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की गई है। बताया कि घनसाली और लम्बगांव के पांच-पांच लाइटें दी गई हैं। जनप्रतिनिधियों की राय से भिलंगना और पौखाल के तीन गांवों में जल्द लाइटें दी जाएगी। उन्होंने कहा कि गांवों में पर्याप्त रोशनी होने से उजाले में गुलदार के आने की संभावना कम हो जाती है।

### बच्चों को अच्छे संस्कार देना जरूरी

चमोली। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरा ने मां इन्द्रावती के मंदिर में पहुंच कर दर्शन, पूजन अर्चना की। चमोली मंगलम यात्रा के अंतर्गत शंकराचार्य ने मंदिर में दर्शन के बाद मंदिर परिसर में आयोजित धर्म सभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि माता- पिता जो संस्कार संतान को देते हैं। वही आगे चलकर मानव के जीवन पर प्रभाव डालता है। इसलिए संतान को संस्कारी बनाना माता-पिता, परिवार, समाज, शिक्षक सबकी जिम्मेदारी है।

# हरियाणा से लापता युवक को पौड़ी पुलिस ने सकुशल किया परिजनों के सुपुर्द

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी 26 जून : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह द्वारा जनपद के समस्त थाना/शाखा प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत गुमशुदाओं को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में थाना लक्ष्मणझूला पुलिस को गश्त ड्यूटी के दौरान गरुड़ चट्टी के पास एक युवक उम्र करीब 18 वर्ष लावारिस हालत में घूमता मिला जो अपना नाम पता बताने में असमर्थ था। पुलिस टीम द्वारा उक्त बालक को सुरक्षा की दृष्टि से थाना लक्ष्मण झूला लाया गया जहाँ पर पुलिस टीम द्वारा उक्त बालक से मित्रतापूर्ण माहौल में वार्ता की गयी तो बालक के पास से एक फोन बरामद हुआ। जिस पर पुलिस टीम द्वारा फोन से बालक के परिजनों का नंबर लेकर परिजनों से वार्ता की गयी तो बालक के पिता रामवीर, निवासी ग्राम व पोस्ट कुशियारी, थाना जसराना जिला फिरोजाबाद उत्तर प्रदेश हाल निवासी गली नंबर 03 ओम एनक्लेव पार्ट 1 सेक्टर-91 थाना तिलपत फरीदाबाद हरियाणा द्वारा बताया गया कि उनका बालक का नाम शिवा है बाल कटाने के बहाने घर से निकला था और अभी तक घर वापस नहीं आया जिसकी उनके द्वारा काफी तलाश की गयी परन्तु वह कहीं नहीं मिला साथ ही बताया कि हमारा बालक दो माह से मानसिक रोग से ग्रस्त है जिसका इलाज सफदरजंग अस्पताल दिल्ली से चल रहा है। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा उक्त गुमशुदा बालक के परिजनों को थाना लक्ष्मणझूला बुलाकर गुमशुदा बालक शिवा को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। अपने बेटे को सकुशल पाकर परिजनों द्वारा पौड़ी पुलिस का धन्यवाद किया गया।


**बेटे को सकुशल पाकर परिजनों ने नम आँखों से जताया पौड़ी पुलिस का आभार**



# देहरादून : साइबर ठगों ने IIRS के वैज्ञानिक से लूटे 56 लाख रुपये

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**





देहरादून 26 जून : राजधानी में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग के वैज्ञानिक को 144 घंटे तक ऑनलाइन अरेस्ट करके साइबर ठगों ने 56 लाख रुपये उड़ा दिए। इस ठगी के नए तरीके को देखकर पुलिस भी हैरान हो गई, पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

पीड़ित सुरेंद्र कुमार शर्मा निवासी हाथीबड़कला जो कि आईआईआरएस में बतौर वैज्ञानिक तैनात हैं और मूल रूप से राजस्थान के रहने वाले हैं। सोमवार को उन्होंने पुलिस में तहरीर देकर बताया कि 5 जून को सुबह साढ़े आठ बजे उन्हें एक अनजान नंबर से कॉल आई थी, कॉल करने वाले ने खुद को किसी कोरियर कंपनी का कर्मचारी बताया और कहा कि सुरेंद्र नाम का एक पार्सल ताइवान भेजा जा रहा है जो मुंबई हवाई अड्डे पर पकड़ा गया है और इसे कस्टम ने नशीले पदार्थ होने के चलते रोका है। लेकिन सुरेंद्र ने बताया की यह मेरा नहीं है वो लोग नहीं माने और एक नंबर देकर कहा कि आप मुंबई क्राइम ब्रांच में बात करके उन्हें इसकी जानकारी दे दें। जब पीड़ित ने दिए गए नंबर पर संपर्क किया तो विक्रम सिंह नाम के व्यक्ति ने उन्हें मुंबई क्राइम ब्रांच कार्यालय आने को कहा लेकिन सुरेंद्र ने इनकार कर दिया।

विक्रम सिंह ने सुरेंद्र को वीडियो कॉल पर जोड़ा और उन्होंने देखा कि पूरा नजारा मुंबई क्राइम ब्रांच शाखा के जैसा है और सभी लोग वर्दी पहने नज़र आ रहे हैं। फिर विक्रम ने पीड़ित से आधार कार्ड की फोटो मांगी। कहा गया कि उनका आधार कार्ड अपराधी नवाब मलिक के नेटवर्क से जुड़ा है, जो ईडी की गिरफ्त में है। पीड़ित ने किसी भी प्रकार के संबंध से इनकार किया। इसके बाद ठगों ने ऑनलाइन वेरिफिकेशन के नाम पर बैंक खातों और सम्पति के बारे में पूछा। इसकी जांच के बहाने मिलिंद को डीसीपी बताकर पीड़ित से 56 लाख रुपये अपने खातों में जमा करवाए गए। इस घटनाक्रम के दौरान ठगों ने पीड़ित को गिरफ्तारी का पत्र भेजकर 144 घंटे तक ऑनलाइन गिरफ्तार दिखाया।

इस दौरान सुरेंद्र को केवल अपने कार्यालय जाने की अनुमति दी गई थी। आरोपियों ने युवा वैज्ञानिक को यह कहकर डराया कि आरबीआई के जरिए सुरेंद्र के खातों का सत्यापन होना है। विक्रम सिंह नाम का व्यक्ति पांच जून को पूरी रात वीडियो कॉलिंग पर सुरेंद्र की निगरानी करता रहा। पीड़ित ने पेंसे भरने के लिए ऑनलाइन लोन लिए और अपने शेयर भी बेच दिए। प्रदेश में इस तरह की ठगी का यह दूसरा मामला है, इससे पहले ऋषिकेश एम्स के डॉक्टर को भी इसी तरह के जाल में फंसाकर 10 लाख रुपए लूटे गए थे। यदि आपको भी एक इस तरह का कोई डराने या धमकाने का कॉल आता है तो इसकी जानकारी नेशनल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 दर्ज कराएं।

## श्रीकोट में बरसाती नालों की सफाई करने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम क्षेत्रांर्गत श्रीकोट गंगानाली में वार्ड नम्बर 7 में नागराजा मंदिर मोहल्ला से बरसाती नाले की सफाई किये जाने की मांग की। इस संदर्भ में मंगलवार को पूर्व सैनिक सेवा कल्याण समिति के अध्यक्ष दर्शन सिंह भण्डारी और अर्जुन सिंह गुसांईं ने तहसील में दिये ज्ञापन में कहा कि श्रीकोट गंगानाली में वार्ड नम्बर 7 में नागराजा मंदिर मोहल्ले में शिव मंदिर से लेकर नागराजा मंदिर तक जाने वाला बरसाती नाला सीधे अलकनंदा नदी में जाता है। कहा कि वर्तमान में बरसाती नाले में मलबा भरे होने से नाला चौक हो गया है। जिससे बरसात के समय में कभी भी नालों का पानी लोगों के आवासीय भवनों में घुस सकता है। उन्होंने जल्द से बरसाती नालों की सफाई करवाएं जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सागर पंवार, उमेद सिंह, बाबी पंवार सहित आदि मौजूद थे।

## महिला संदिग्ध परिस्थितयों में लापता

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर कोतवाली के एक गांव से महिला संदिग्ध परिस्थितयों में लापता हो गई। महिला के तीन बच्चे हैं और वह मायके आई हुई थी। महिला का पति मुंबई में काम करता है। महिला के परिजनों ने कोतवाली कीर्तिनगर में गुमशुदगी दर्ज करवाई है। परिजनों ने बताया कि महिला ने अज्ञात नंबर से फोन किया और घर न लौटने की बात कही। इंस्पेक्टर देवराज शर्मा ने बताया कि गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश की जा रही है। वहीं, एक गांव में नाबालिग के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है।

## पौड़ी के ग्रामीण इलाकों में पेयजल संकट बरकरार

पौड़ी। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को पेयजल संकट से निजात नहीं मिल पा रही है। बारिश नहीं होने की वजह से ग्रामीण इलाकों में मई से पेयजल बना हुआ है। अभी भी कई क्षेत्रों में जलसंस्थान को टैंकरों से पानी की सप्लाई करनी पड़ रही है। पेयजल योजनाओं पर पानी का डिस्चार्ज घट जाने के कारण ग्रामीण इलाकों में इन दिनों पानी का संकट बना हुआ है। बीरोंखाल, एकेश्वर, खिर्सू और कल्जीखाल ब्लाकों में पानी की कमी से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। बारिश नहीं होने और जंगलों की आग ने स्रोतों पर इस बार डिस्चार्ज कम किया। जिसके कारण पेयजल योजनाओं से लोगों की डिमांड पूरी नहीं हो पा रही है। अभी भी हालत में बहुत सुधार नहीं हो पाया है। स्रोतों का डिस्चार्ज बारिश के बाद ही ठीक होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त खबरें

### संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

नई टिहरी। उत्तराखंड राज्य के राज्य विश्वविद्यालयों से सम्बद्ध विभिन्न राजकीय, अशासकीय एवं स्ववित्त पोषित बीएड शिक्षण संस्थानों में सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए प्रथम बार राज्य संयुक्त बीएड प्रवेश परीक्षा का आयोजन करने के पश्चात परिणाम घोषित कर दिये गए हैं। यह जानकारी देते हुए श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनके जोशी ने बताया कि सत्र 2024-26 में प्रवेश के लिए बीएड प्रवेश परीक्षा की जिम्मेदारी सरकार व शासन ने श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय को सौंपी थी। राज्य स्तर पर आयोजित प्रवेश परीक्षा का श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय ने बीते 9 जून को कुमांऊ व गढ़वाल मण्डल के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों परीक्षा का आयोजन किया। सभी प्रवेश परीक्षा केन्द्रों पर विश्वविद्यालय की कड़ी निगरानी में प्रवेश परीक्षा हुई। प्रवेश परीक्षा के पश्चात तय समय में विश्वविद्यालय आज मंगलवार 25 जून को प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर सार्वजनिक कर दिये हैं।

### कांग्रेस नेता डोभाल के निधन पर शोक की लहर

नई टिहरी। कांग्रेसियों ने ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष इंद्रदेव डोभाल के निधन पर शोक जताया। डोभाल धनोल्टी विधान सभा के तहत नैनबाग तहसील के बिरोड़ गांव के रहने वाले थे।वे लंबे समय से राजनीती में सक्रिय थे। वह ज्येष्ठ प्रमुख व ग्राम प्रधान भी रहे। शोक व्यक्त करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश राणा, देवेंद्र नौडियाल, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष आशी रावत, डा वीरेंद्र रावत आदि ने कहा डोभाल ने स्व सरदार सिंह रावत के साथ नैनबाग और जौनपुर में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए काफी काम किया।

### गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजनों को सौंपा

नई टिहरी। टिहरी पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल के अंतर्गत एक गुमशुदा बालक को रुड़की से सकुशल बरामद कर बाल कल्याण समिति के माध्यम से उसके माता-पिता को सौंप दिया है। नई टिहरी कोतवाली के अंतर्गत पुलिस चौकी पीपलडाली के क्षेत्र के एक गांव का 13 वर्षीय बालक बीती 21 जून को घर से कबाड़ का कार्य करने वालों के साथ रुड़की चला गया था। रुड़की में कुछ लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। जिसके दो दिन बाद ही बालक को वापस टिहरी पहुंचा दिया गया। ऑपरेशन स्माइल के अंतर्गत बालक का रेस्क्यू करने वाले मुनिकीरेती थाने के हेड कांस्टेबल अनिल कुमार और मनोज कुमार ने बालक को समिति और परिजनों के सुपुर्द किया। समिति के सदस्यों ने बताया कि वह पैसा कमाने के चक्कर में दो कबाड़ियों के साथ रूड़की चला गया था। लेकिन जब वह उसे डराने व धमकाने लग गए कि कबाड़ा एकत्रित करके लाओ, जिससे वह घबरा गया। मंगलवार को नई टिहरी में बाल कल्याण समिति ने बच्चे की काउंसलिंग की। उसे पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए कहा। बच्चे के माता-पिता दोनों विकलांग हैं।

### सरकारों को किसानों के हित में कार्य करना होगा

श्रीनगर गढ़वाल। भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष भोपाल चौधरी ने कहा कि सरकारों को किसानों के हित में कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हाल में कृषि लागत मूल्य आयोग के अध्यक्ष डॉ. विजयपाल शर्मा की अध्यक्षता में छह राज्यों के किसानों की बैठक मुम्बई में हुई। बैठक में महाराष्ट्र के सीएम ने शिरकत कर काश्तकारों की समस्या को सुना। अलग अलग राज्यों के मुख्यमंत्रियों से इस तरह की बैठकों में भाग लेकर कृषि उपजों के मूल्य निर्धारण में अपनी भूमिका निभाने की मांग की।

### श्रीनगर में सीटी बस का संचालन न होने से लोग परेशान

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम क्षेत्र में सिटी बसों का संचालन लंबे समय से ठप है। स्थानीय सवारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पहले श्रीनगर से लेकर धारी देवी मंदिर तक जाने वाले यात्रियों को सिटी बस की सेवा मिलने से घंटों इंतजार नहीं करना पड़ता था। लेकिन सीटी बस सेवा बंद होने से धारी देवी, फरासू जाने वाली सवारियों को रुद्रप्रयाग की बस में बैठकर सफर करना पड़ता है। अधिकांश समय बस चालक लोकल सवारियों को नहीं बैठातें हैं, जिससे श्रीनगर के आसपास की सवारियों को अधिक किराया देकर घर पहुंचना पड़ता है। नगर पालिका से नगर निगम बनने के बाद यहां के क्षेत्र में विस्तार हुआ है।

### श्रीनगर में भाजपाइयों ने मनाया काला दिवस

श्रीनगर गढ़वाल। भाजपा कार्यकर्ताओं ने 25 जून 1975 से लगाए गए आपातकाल को काले दिन के रूप मनाया। भाजपाइयों ने कहा कि तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या की। जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत ने कहा कि 25 जून की रात को केवल अपनी कुर्सी बचाने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगा दी और संविधान का गला घोंट दिया।

# ये आंसू जीत के हैं, सेमीफाइनल में पहुंचते ही मैदान पर रोने लगी AFG टीम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 26 जून : भारत की ऑस्ट्रेलिया पर बीती रात की जीत अब अगली सुबह जाकर पूरी हुई। इधर अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर पहली बार टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में एंट्री मारी और उधर ऑस्ट्रेलियाई टीम टूर्नामेंट से बाहर। मैदान पर जरूर पठान खेल रहे थे, लेकिन धड़कनें पूरे हिंदुस्तान की बढ़ी हुई थी। हर विकेट पर जश्न। हर मिस फील्ड पर दर्द। रोलर कोस्टर की तरह उतार-चढ़ाव वाला मुकाबला। कभी बांग्लादेश हावी होता तो कभी अफगानिस्तान पलटवार करता। लो स्कोर, बारिश, डकवर्थ लुईस, फेक हैमस्ट्रिंग इंजरी और जीत के बाद पागलों सा जश्न। ये मैच सदियों याद रखा जाएगा।

लगभग क्वार्टर फाइनल रहे इस मुकाबले में पल-पल पासा पलटता रहा और बारिश ने भी बाधा डाली। अफगानिस्तान ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 115 रन बनाए। जवाब में बांग्लादेश की टीम 17.5 ओवर में 105 रन पर आउट हो गई, उसे बारिश के कारण 19 ओवर में 114 रन का संशोधित लक्ष्य मिला था।

इसके साथ ही पूर्व चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट से बाहर हो गया है। अफगानिस्तान का सामना 27 जून को सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका से होगा। अफगानिस्तान के लिए इस जीत के हीरो उनके कप्तान राशिद खान रहे, जिन्होंने पहले बल्ले से 10 गेंदों में नाबाद 19 रन बनाए। बाद में चार ओवर में सिर्फ 23 रन देकर 4 बेशकीमती विकेट लिए।आखिरी ओवर तक किसी को नहीं पता था कि मैच का नतीजा क्या होगा। बांग्लादेश लगातार विकेट जरूर गंवा रहा था, लेकिन रन बेहद कम थे। मैच किसी भी ओर झुक सकता था। सांस थामने वाले ऐसे मैच में जब अफगानिस्तान पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचकर इतिहास रचता है तो अफगान खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ अपने खुशी के आंसू रोक नहीं पाता।



## शिक्षा और समाज पुस्तक का विमोचन हुआ

पिथौरागढ़। सीमांत के साहित्यकार रमेश चन्द्र जोशी की शिक्षा पर आधारित पुस्तक शिक्षा और समाज का विमोचन हुआ। एक कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ साहित्यकार महावीर रवांल्टा, मानस एकेडमी के संस्थापक डॉ. अशोक कुमार पंत, आदलि-कुशलि पत्रिका की संपादक डॉ. सरस्वती कोहली, गढ़वाली साहित्यकार रमेश हितैषी और साहित्यकार चिन्तामणि जोशी ने संयुक्त तौर पर पुस्तक का विमोचन किया।

इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि जोशी की यह पुस्तक शिक्षा को समझने और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सार्थक सिद्ध होगी। जोशी ने कहा कि यह पुस्तक उनके पिछले तीस वर्षों के शिक्षक जीवन के अनुभवों पर आधारित है। कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यक्रम और पाठ्य-पुस्तकों के अन्तर्गत समाविष्ट पठन सामग्री का अध्ययन करके परीक्षा पास करना मात्र नहीं है, बल्कि यह जीवन के प्रत्येक कार्य को बेहतर तरीके से करने के लिए जरूरी है। यहां लेखक महेश चंद्र पुनेठा, डॉ. किशोर जोशी, डॉ. पीताम्बर अवस्थी, महेश बराल, डॉ. आशा जोशी, भुवन चंद्र जोशी, कृपाल सिंह शीला, शिवदत्त पाण्डेय, मुन्नी पांडे, विप्लव भट्ट, नीरज चंद्र जोशी आदि मौजूद रहे।

## संपादकीय

### क्या आपातकाल भूल गए?

25 जून, 1975... यह तारीख 50वें साल में प्रवेश कर चुकी है। पुरानी है, लेकिन आज भी प्रासंगिक है। यह तारीख कभी भूली नहीं जा सकती, क्योंकि संविधान और लोकतंत्र विरोधी थी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर आपातकाल थोप दिया था। न्यायपालिका और मीडिया तक को 'बंधक' बना लिया गया था। भारतीय प्रेस परिषद पर ताले जड़ दिए गए थे और स्वायत्त संस्थानों की स्वतंत्रता छीन ली गई थी। वही अखबार छप पाते थे, जिनकी एक-एक खबर पढ़ कर, सेंसर होकर, सूचना मंत्रालय अनुमति देता था। एक लाख से अधिक विपक्षी नेताओं, पत्रकारों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों को जबरन जेल में ठूंस दिया गया था। जमानत की कोई व्यवस्था नहीं थी। उन्होंने क्या अपराध किया था? वह लोकतांत्रिक कार्रवाई थी या तानाशाही आदेश थे? देश के खिलाफ न तो कोई युद्ध छेड़ा गया था और न ही बाहरी-आंतरिक गड़बडियां थीं। विरोध करना तो प्रतिपक्ष का लोकतांत्रिक अधिकार था। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चुनाव को एक अदालत ने 'अवैध' करार दिया था, लिहाजा वह चुनाव हार गई थीं। अदालत ने उन्हें छह साल के लिए चुनाव लडऩे को 'अयोग्य' भी घोषित कर दिया था। तत्कालीन तानाशाह प्रधानमंत्री ने सोचा होगा कि अदालत उनके खिलाफ ऐसा फैसला कैसे दे सकती है। आपसी विमर्श हुआ। तत्कालीन पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सिद्धार्थशंकर रे ने सुझाव दिया कि अनुच्छेद 352 के तहत देश में आपातकाल लागू कर दिया जाए। नतीजतन अध्यादेश लेकर इंदिरा गांधी और सिद्धार्थ तत्कालीन राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के पास गए। रात्रि करीब 11.30 बजे राष्ट्रपति ने अध्यादेश पर हस्ताक्षर किए। उसे इतना गोपनीय रखा गया कि किसी भी कैबिनेट मंत्री को भनक तक नहीं लगी। अगले दिन 26 जून की सुबह कैबिनेट बैठक प्रधानमंत्री ने बुलाई और मंत्रियों को आपातकाल के बारे में खुलासा किया। अचानक ऐसी खबर सुनकर सभी मंत्री भौंचक और स्तब्ध थे, लेकिन क्या कर सकते थे, क्योंकि वे सत्ता के कांग्रेसी गुलाम थे। बहरहाल प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सुबह सात बजे ही आकाशवाणी पर घोषणा की, तो संविधान और लोकतंत्र पर 'काला धब्बा' छाप दिया गया। स्वतंत्र भारत में उस 'काले, तानाशाह दिन' का इतिहास भूला नहीं जा सकता। आज संसद भवन में इंदिरा गांधी की बहू सोनिया गांधी और पौत्र राहुल गांधी ने, विपक्षी नेताओं के संग, संविधान-पुस्तिका की प्रति लहराते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने खुद को 'संविधान का रक्षक' और प्रधानमंत्री मोदी को 'तानाशाह' करार दिया। कांग्रेस समेत 'इंडिया' गठबंधन ने इस छद्म नेरेटिव पर पूरा चुनाव लड़ा था कि मोदी सरकार वापस आई, तो संविधान बदल दिया जाएगा। लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। बहरहाल चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं। देश ने विभाजित जनादेश दिया है, लेकिन गठबंधन के बहुमत के आधार पर मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बन चुके हैं। उनके सभी प्रमुख मंत्री जीत कर दोबारा मंत्री भी बन चुके हैं। संसद में 18वीं लोकसभा का पहला दिन, पहला सत्र शुरू हुआ। नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ ली, लेकिन कांग्रेस समेत विपक्षी सांसद संविधान-पुस्तिका की प्रति लेकर संसद परिसर में आए।

दैनिक न्यूज़ वायरस
संपादक : मौ.सलीम सैफी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से प्रकाशित। फ़ोन : 0135-4066790, 2672002
RNI No. : UTTHIN/2012/44094 Cert. Ser. No. : 31406 E-mail : dainiknewsvirus@gmail.com
Website : www.newsvirusnetwork.com YouTube : TV News Virus
न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## किशोरी से गैंगरेप कर हत्या कर देने का आरोप

हरिद्वार। हरिद्वार-दिल्ली हाईवे पर किशोरी का खून से लथपथ शव मिलने के मामले में नया मोड़ आ गया है। किशोरी की मां ने सोमवार देररात पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य एवं प्रधानपति और उसके रिश्तेदार पर गैंगरेप कर हत्या का आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज कराया है। इधर, भीमआर्मी ने मंगलवार सुबह जिला अस्पताल में हंगामा कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। किशोरी के शव का पोस्टमार्टम चिकित्सकों के पैनल से कराया जा रहा है। एसपी सिटी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सत्यापन अभियान चलाने पर आभार जताया

हरिद्वार। महानगर व्यापार मंडल ने जिले में सत्यापन अभियान चलाने जाने पर एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल का आभार जताया। साथ ही जनता से पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने बताया कि दो दिन पूर्व एसएसपी से असामाजिक तत्वों की पहचान के लिए सत्यापन अभियान चलाने की मांग की गई थी। इसके बाद अभियान शुरू किया गया है। आभार जताने वालो में भूदेव शर्मा, प्रीत कमल सारस्वत, एसएन तिवारी, पंकज माटा, नाथीराम सैनी, सुनील मनोचा, जितेंद्र चोरसिया, दीपक शर्मा, आशीष अग्रवाल, अनिल कोरी, राकेश सिंह, पवन पांडे आदि शामिल रहे।

## मंगलौर उपचुनाव के लिए कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

हरिद्वार। मंगलौर विधानसभा उप निर्वाचन को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित सम्पन्न कराने हेतु पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों (प्रथम) का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला भेल के कन्वेंशन हॉल में सम्पन्न हुआ। जिसमें 380 मतदान कार्मिकों द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। नोडल अधिकारी केएन तिवारी, मास्टर ट्रेनरों संतोष चमोला ने मतदान कार्मिकों को सैद्धान्तिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने कहा कि सभी कार्मिक सौंपे गए कार्यो एंव दायित्वों का बखूबी निर्वहन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिकायत क्षम्य नहीं होगी। उन्होने कहा कि मतदान से पूर्व मॉकपोल अनिवार्य रूप से कराया जाये तथा मॉकपोल में प्रत्येक प्रत्याशी को सामान वोट डाले जाएं,

## संक्षिप्त खबरें

### 13 साल की नाबालिग लड़की का गैंगरेप के बाद मर्डर, हाईवे पर सड़क किनारे मिला शव

हरिद्वार। उत्तराखंड के हरिद्वार जिले में एक बहुत ही ज्यादा शर्मनाक मामला सामने आया है। हरिद्वार में 13 साल की नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप का मामले सामने आया है। आरोप है कि नाबालिग का गैंगरेप करने के बाद उसका मर्डर कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरिद्वार के बहादराबाद थाना क्षेत्र में एक 13 साल की नाबालिग लड़की से गैंगरेप के बाद उसकी हत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि नाबालिग दो दिन पहले शाम को अपने घर के पास से लापता हो गई थी। लड़की का शव हाईवे किनारे सड़क पर पड़ा मिला। लड़की के परिजनों ने शव की पहचान की। नाबालिग लड़की की मां ने पुलिस को तहरीर देकर ग्राम प्रधान और उसके नौकर के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने पोक्सो ऐक्ट सहित गैंगरेप सहित व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, मंगलवार की दोपहर को भीम आर्मी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने जिला अस्पताल पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की। चेताया कि आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी नहीं होने पर आंदोलन किया जाएगा। चिकित्सकों के पैनल के बीच नाबालिग का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।

### कांवड़ मेला: खुले स्थानों पर भी मेडिकल कैम्प की व्यवस्था की जाए: डीएम

हरिद्वार। डीएम धीराज सिंह गर्ब्याल ने मंगलवार को जिला कार्यालय सभागार में समीक्षा बैठक की। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि खुले स्थानों पर भी मेडिकल कैम्प लगाए जाएं और रूटीन की दवाओं के साथ ही जीवन रक्षक दवाएं भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें। उन्होंने यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए कि पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात रहे तथा विभिन्न स्थानों पर बैरिकेट्स की व्यवस्था की जाए। उन्होंने समीक्षा के दौरान कहा कि कांवड़ यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से कार्य करना सुनिश्चित करें। कहा कि विगत वर्षों में आयोजित कांवड़ यात्रा के अनुभवों का लाभ उटाकर पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष कांवड़ यात्रा को और अधिक सरल व सुगमता से सम्पन्न कराया जाए। आधारभूत सुविधाओं पेयजल, शौचालय की व्यवस्थाओ पर विशेष ध्यान दिया जाए। कहा कि कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत सभी आवश्यक टैण्डर कराकर समय से कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

### लघु व्यापारियों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

हरिद्वार। लघु व्यापारियों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में तुलसी चौक से इकट्ठा होकर अतिक्रमण के नाम पर लघु व्यापारियों के शोषण व उत्पीड़न के विरोध में नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी कर जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी लघु व्यापारियों ने नगर निगम पहुंचकर सहायक नगर आयुक्त अंकित जोशी, सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद, कर निर्धारण अधिकारी सुनीता सक्सेना को संयुक्त रूप से सौंपा।

### आयोग ने कार्यदेशक सर्वेयर शिशिक्षु की परीक्षा तिथि में परिवर्तन किया

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यदेशक सर्वेयर शिशिक्षु (फोरमेन अनुदेशक) परीक्षा-2023 की परीक्षा तिथि में कांवड़ मेले को लेकर परिवर्तन किया गया है। अब यह परीक्षा नवीन तिथि 7 अगस्त 2024 को निर्धारित की गई है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आयोग ने राजकीय प्रौद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यदेशक सर्वेयर शिशिक्षु (फोरमेन अनुदेशक) परीक्षा-2023 के अंतर्गत रिक्त 37 पदों पर अक्टूबर 2023 में विज्ञप्ति जारी की थी। लोक सेवा आयोग द्वारा जारी परीक्षा कैलेंडर दिनांक 26 अप्रैल 2024 में उक्त परीक्षा की प्रस्तावित तिथि 31 जुलाई 2024 उल्लेखित की गई थी।

# उत्तराखंड : उत्तराखंड के 626 क्षेत्रों में लगेगा 4G टावर, मिलेगी अच्छी कनेक्टिविटी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 26 जून : भारत नेट परियोजना के तहत प्रदेश के 6422 गांवों का डिजिटलाइजेशन जल्द ही शुरू हो जाएगा और इन्हें ऑप्टिकल फाइबर आधारित कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। इसके लिए बीएनयू और बीएसएनएल साथ मिलकर ग्रामीण इलाकों में इंटरनेट उपलब्ध कराएगा।

भारतनेट परियोजना जो भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं में से एक है इसका उद्देश्य देश की पंचायतों को उच्च गति ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत देशभर के ग्रामीण इलाकों में स्थानीय उद्यमियों की मदद से ऑप्टिकल फाइबर को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इस संबंध में बीते दिन बीएसएनएल के नवनियुक्त मुख्य महाप्रबंधक पीडी चिरानिया ने अधिकारियों के साथ दर्शन लाल चौक स्थित बीएसएनएल कार्यालय में बैठक की और बताया कि इस योजना के लिए सिंगल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।

राज्य सरकार और बीएसएनएल साथ मिलकर प्रदेश के उन 626 स्थानों में 4जी टावर लगाएगा जहाँ पर किसी भी कंपनी के नेटवर्क नहीं आते। मुख्य महाप्रबंधक पीडी चिरानिया ने बताया कि इस योजना के धरातल पर लागू होने से हमारे सीमावर्ती जवानों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश की भौगोलिक परिस्थितियों के कारण इन इलाकों में किसी भी कंपनी का नेटवर्क काम नहीं करता, जिससे स्थानीय लोगों और देश की रक्षा कर रहे जवानों से संपर्क करने में बहुत परेशानी होती है। इन समस्याओं से निपटने के लिए ऐसे क्षेत्रों में 4जी टावर लगाए जायेंगे।





# नशे में धुत BDO ने वॉक करते परिवार को कार से कुचला, 1 महिला सहित 2 बच्चों की मौत

न्यूज़ वायरस नेटवर्क





टिहरी गढ़वाल 26 जून : सीसीटीवी में कैद सड़क हादसे की रोंगटे खड़े करने वाला पोस्ट रिकॉर्ड हुआ है, तेज रफ़्तार कार सवार ने दो सगी बहनों समेत परिवार के तीन लोगों की जान ले ली। बताया जा रहा है कि आरोपी डीपी चमोली जाखणीधार ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी के पद पर कार्यरत है।

जनपद टिहरी से एक ऐसा दिल दहला देना वाला सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जिसमें नशे में धुत कार सवार चालक ने तेज रफ़्तार से सड़क के किनारे टहल रहे लोगों को कुचल दिया। बीती शाम 7:30 बजे रविंद्र नेगी की पत्नी रीना नेगी उम्र 36 वर्ष अपनी बेटी आराध्या और भतीजी अग्रिम उम्र 10 वर्ष और अन्विता उम्र 7 वर्ष के साथ बौराड़ी नगर पालिका कार्यालय के समीप टहल रही थी। इस दौरान अचानक जिला पंचायत कार्यालय की तरफ एक तेज रफ़्तार कार ने सभी को कुचल दिया और ये लोग सड़क से नीचे जा गिरे। इस हादसे में रीना नेगी की मौके पर ही मौत हो गई जबकि बेटी आराध्या और दोनों भतीजी गंभीर रूप से घायल हो गईं। तीनों को जिला अस्पताल बौराड़ी में भर्ती किया गया, जहां पर उपचार के दौरान अग्रिमा और अन्विता ने भी दम तोड़ दिया और आराध्या का अभी उपचार चल रहा है।

स्थानीय लोगों ने मौके पर ही कार चालक को घेर लिया और बताया जा रहा है कि वह नशे में धुत था तथा चालाक की पहचान डीपी चमोली के रूप में हुई है जो जाखणीधार ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी हैं। चालक को हिरासत में ले लिया गया है, हादसे में मृतक महिला के पति की बोरड़ी में एक दुकान है और मृतक बच्चियों के पिता सुरेंद्र नेगी यहां एक फाइनेंस कंपनी में नौकरी करते हैं। घटना से पूरे क्षेत्र में मातम छा गया और परिजनों के रो रो कर बुरे हाल हैं।

## विक्रम चालक की मौत के मामले में मुकदमा दर्ज

हरिद्वार। सर्वानंद घाट के पास सड़क दुर्घटना में विक्रम चालक की मौत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। कार ने पीछे से विक्रम में टक्कर मारी थी। पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है। नजीबाबाद के नगला हरदास पोस्ट घनसीनी निवासी रवि कुमार हाल पता बापूग्राम आईडीपीएल ऋषिकेश ने शिकायत देकर बताया कि सोमवार को उसका भाई राहुल कुमार विक्रम से सवारी लेकर ऋषिकेश से हरिद्वार आ रहा था। दोपहर में सर्वानंद घाट के सामने पीछे से आई कार ने टक्कर मार दी। इससे विक्रम अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। राहुल कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। विक्रम में बैठी सवारियों को भी काफी चोटें आई हैं। इसमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

## घायल वेंटिलेटर पर खुलेआम घूम रहे आरोपी

हरिद्वार। धनपुरा में पत्नी को मायके से जबरन ले जाने का विरोध करने पर युवक ने ससुर के साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का उपचार एम्स ऋषिकेश में चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर क्रॉस मुकदमा दर्ज कर लिया। धनपुरा की एक युवती का निकाह गांव के ही युवक के साथ हुआ था। कुछ दिन बाद ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज को लेकर उसके साथ मारपीट तथा उत्पीड़न करने लगे। मामले में कई बार पंचायत भी हुई लेकिन मामला नहीं सुलझ पाया। युवती ससुराल पक्ष से परेशान होकर अपने मायके आ गई और वही रहने लगी। बताया गया कि 18 जून को युवती का पति अपने साथ कुछ लोगों को लेकर उसे जबरन अपने घर ले जाने लगा। युवती के पिता ने इसका विरोध किया तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी।

## चार दोपहिया वाहन चोरी

हरिद्वार। शहर में अलग-अलग जगहों से चार दोपहिया वाहन चोरी हो गए। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर लिए हैं। कनखल के हनुमंतपुर निवासी सागर सैनी ने बताया कि वह किसी कार्य से चंद्राचार्य चौक के पास गया था। वहां खड़ी उसकी बाइक चोरी कर ली गई। मेरठ के रोठा रोड सरस्वती विहार निवासी चिराग की बाइक गोविंदघाट के पास से चोरी कर ली गई। मायापुर निवासी देवेंद्र कुमार का स्कूटर घर के बाहर से चोरी कर लिया गया। लक्सर के भिक्कमपुर निवासी राहुल की बाइक वीर आश्रम धर्मार्थ ट्रस्ट के पास से चोरी कर ली गई।

## घर से बुलाकर रॉड से बोला हमला

हरिद्वार। लेनदेन को लेकर एक व्यक्ति की घर से बुलाकर पिटाई कर दी गई। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर कनखल पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस को दी गई शिकायत में रितु कुमार पत्नी सचिन कुमार निवासी द्वारिका विहार फुटबाल ग्रांउड ने बताया कि रविवार देर शाम उसके पति को अशोक वर्मा उर्फ हाऊ निवासी होली चौक ने फोन कॉल की थी। इसके बाद उसके पति को एक आश्रम के पास मिलने के बुलाया था।

चंद मिनट बाद उसके पति ने उसे फोन कॉल कर अपने साथ मारपीट होने की सूचना दी। जब वह श्रीयंत्र मंदिर के पास पहुंची तब उसके पति लहूलुहान अनवस्था में थे। आनन फानन में पति को एक निजी अस्पताल ले गए, जहां होश में आने पर पति ने बताया कि अशोक वर्मा उर्फ हाऊ ने 7-8 लड़कों के साथ मिलकर उसके पति को बुरी तरह पीटा है। लोहे की रॉड और पंच से हमला कर उसके पति को घायल किया है। प्रभारी निरीक्षक भावना कैंथोला ने बताया कि इस संबंध में शिकायत दर्ज कर ली है।

## संक्षिप्त खबरें

### पेयजल समस्या को गंभीरता से लें, लापरवाही बर्दाश्त नहीं : दिनेश आर्य

पिथौरागढ़। उत्तराखंड राज्य स्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष दिनेश आर्य ने मंगलवार को यहां अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों से पेयजल समस्या को गंभीरता से लेते हुए निस्तारण करने को कहा है। कहा लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पेयजल आम जनता से जुड़ा विषय है, जिसका निस्तारण तत्काल किया जाए। नगर के टकाना स्थित कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान उपाध्यक्ष आर्य ने अधिकारियों से पेयजल से संबंधी योजनाओं व जनसमस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आमजन को पानी की समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही उन्होंने जनपद में निर्माणाधीन पेयजल पंपिंग योजनाओं के बारे में भी चर्चा करते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता,पारदर्शिता व निर्धारित समय के तहत कार्य पूर्ण करने को कहा। जल जीवन मिशन के तहत कोई भी परिवार पेयजल कनेक्शन से वंचित न रहे, इसके लिए उन्होंने स्थलीय निरीक्षण करने को कहा है। अधिशासी अधिकारी आशुतोष उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान में बासु, पोखरी, बैल पट्टी, चंडिका घाट, चरमा के अलावा गर्खा पेयजल पंपिंग योजनाएं का कार्य चल रहा है। आगामी अगस्त माह तक कार्य पूर्ण हो जाएगा।

### जिला पंचायत में सदस्यों ने अफसरों पर उठाए सवाल

पिथौरागढ़। जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में सड़क, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे जरूरी मुद्दे छाए रहे। मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में सदस्यों ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बोर्ड बैठक में केवल समस्याएं नोट होती हैं, उनका समाधान नहीं होता। उन्होंने पूछा कि समस्याओं का समाधान कब किया जाएगा। इस दौरान पूर्व में सदन में उठाई समस्याएं के अभी भी जस की तस बने रहने पर नाराजगी जताई। नगर के जिला पंचायत सभागार में जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक हुई। सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को सदन में रखा। अधिकतर सदस्य ग्रामीण इलाकों में जरूरी सुविधाओं के भी नहीं होने पर परेशान नजर आए। कहा कि गांव में रहने वाले सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी जैसी मूल सुविधाओं के लिए जूझ रहे हैं। कहा कि एक लंबा अरसा बीतने के बाद भी गांव ग्रामीण कई किमी पैदल दूरी तय कर खाद्य सामग्री घर तक पहुंचा रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए ग्रामीण जिला मुख्यालय की दौड़ लगाने को मजबूर हैं। पानी के लिए ग्रामीण पहले की तरह आज भी प्राकृतिक स्रोतों पर निर्भर हैं। किसी तरह पानी ढोकर वे अपनी प्यास बुझा रहे हैं। कहा कि बैठकों में वे विभागीय अधिकारियों के सामने नियमित तौर पर प्रमुखता से समस्याएं उठाते हैं। बैठक के दौरान अधिकारी नोट करने और समस्या का निस्तारण करने का आश्वासन देते है, लेकिन धरातल पर कुछ नहीं होता। सीडीओ नंदन कुमार और जिपं उपाध्यक्ष कोमल मेहता ने अधिकारियों से सदस्यों की समस्याओं की प्रमुखता से समाधान करने के निर्देश दिए हैं।

### राशन कार्ड संबंधी सूचना देने में विभाग का करें सहयोग

पिथौरागढ़। सीमांत में इन दिनों प्रवासी मजदूरों के राशनकार्ड बने हैं या नहीं, इसे लेकर खाद्य पूर्ति विभाग जानकारी एकत्र कर रहा है। इसके लिए विभागीय कर्मचारी श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों की सूची के आधार पर इन दिनों उन्हें कॉल कर रहे हैं, लेकिन कई लोग साइबर ठगी के बढ़ते मामलों को देखते हुए सूचना देने में विभाग का सहयोग नहीं कर रहे हैं।इस देखते हुए विभागीय अधिकारियों ने आमजन से सहयोग की अपील की है। कनिष्ठ लिपिक कविता भट्ट का कहना है कि कर्मचारी कॉल कर केवल राशन कार्ड से संबंधी ही जानकारी लेंगे। बैंक खाता, एटीएम कार्ड, ओटीपी ऐसी कोई भी जानकारी कर्मचारियों की ओर से नहीं मागी जाएगी। कहा कि केवल राशनकार्ड है या नहीं व राशन कार्ड किस प्रकार का है, यह सवाल ही पूछे जाएंगे।

### आदि कैलास यात्रियों ने ली हिमालय बचाओ की शपथ

पिथौरागढ़। पर्यटक आवास गृह में आदि कैलास यात्रा के 15 वें दल के पहुंचने पर प्रबंधक दिनेश गुरुरानी व कर्मियों ने भव्य स्वागत किया। मंगलवार को यात्रियों ने शिव मंदिर में पूजा-अर्चना की। यात्रियों को टीआरसी के प्रबंधक गुरुरानी ने हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई। साथ ही साथ उन्हें काला पानी, नाभीढांग व ज्योलिंगकोंग में पौधरोपण के लिए भोजपत्र के पौधे दिए। यात्रियों को यह भी शपथ दिलाई गई की वह हिमालय में गंदगी नहीं करेंगे और वहां पड़े कूड़े को इकट्ठा कर उसका निस्तारण धारचूला में करेंगे। यात्रियों ने गुरुरानी की ओर से हिमालय व धरती मां को बचाने की मुहिम का स्वागत किया।